# प्रेस नोट

## दिनांक 01.04.2025

## थाना मुस्करा पुलिस द्वारा हत्या की वांछित अभियुक्ता गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद हमीरपुर के निर्देशन में अपराध नियंत्रण व वांछित/ वारण्टी अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 01.04.2025 को थाना मुस्करा पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 047/2025 धारा 103(1) BNS से सम्बन्धित वांछित अभियुक्ता अनीता देवी पत्नी स्व0 अरविन्द रैकवार निवासी मुहल्ला मोतीनगर वैजनाथ स्कूल के पीछे कस्बा व थाना मुस्करा जनपद हमीरपुर को कस्बा मुस्करा चरखारी रोड से गिरफ्तार कर नियमानुसार मा0 न्यायालय भेजा गया ।

ज्ञातव्य है कि दिनांक 31 मार्च 2025 को समय लगभग 15:30 बजे, दिनेश पुत्र अरविंद, निवासी मोहल्ला बैजनाथ स्कूल के पीछे, मोतीनगर, थाना मुस्करा, जनपद हमीरपुर ने थाना मुस्करा में उपस्थित होकर सूचना दी कि जब वह घर से बाहर था, तब उसकी मां अनीता (उम्र करीब 40 वर्ष) ने फोन कर बताया कि उसकी तबीयत खराब है और उसे डॉक्टर को साथ लाने को कहा। जब दिनेश घर पहुंचा, तो उसने देखा कि उसकी मां व पिता दोनों कमरे में मौजूद थे, लेकिन उसके पिता अरविंद मृत अवस्था में घर के अंदर पड़े थे और उसकी मां को भी चोटें लगी थीं। सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी राठ थाना मुस्करा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जांच की। प्रारंभिक जांच में ज्ञात हुआ कि मृतक अरविंद पुत्र मुरलीधर (उम्र करीब 42 वर्ष), मूल निवासी ग्राम कुंडरा, थाना खरेला, जनपद महोबा था, जो लगभग 10 वर्षों से मोतीनगर, मुस्करा में निवास कर रहा था। घटनास्थल पर फील्ड यूनिट व डॉग स्क्वायड ने पहुंचकर साक्ष्य संकलन की कार्रवाई की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा / पोस्टमार्टम की कार्यवाही की गई। थाना पुलिस के जांच में घटना प्रथम दृष्टया पति- पत्नी के आपसी विवाद के कारण होना प्रतीत हो रहा है। मृतक की पत्नी से पूछताछ में उसके द्वारा घटना कारित करना स्वीकार किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्ता का विवरण-**

अनीता देवी पत्नी स्व0 अरविन्द रैकवार निवासी मुहल्ला मोतीनगर वैजनाथ स्कूल के पीछे कस्बा व थाना मुस्करा जनपद हमीरपुर।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1.प्र0नि0 योगेश तिवारी

2.उ0नि0 शिवम पाण्डेय,

3.हे0का0 कमलेश कुमार

4.का0 प्रदीप कुमार शर्मा

5. म0का0 बबिता यादव

6.म0का0 इन्द्रावती